आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 01.12.2024

समय 1305

**मुख्य समाचार :—**

- नैनीताल छावनी परिषद सी०सी०टी०वी से निगरानी रखकर सुरक्षित बनाया जाने वाला देश का पहला छावनी परिषद बना।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शीर्ष पुलिस अधिकारियों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया।
- भारतीय सेना की ओर से देहरादून छावनी में अत्याधुनिक ड्रोन प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए बीस और इक्कीस दिसंबर को **सूर्या ड्रोन शो** का आयोजन किया जाएगा।
- और... मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी शहर में खराब स्ट्रीट लाइटों को जल्द ठीक कराने निर्देश दिए।

## सी०सी०टी०वी

नैनीताल छावनी परिषद की सुरक्षा के दृष्टिगत पूरे छावनी क्षेत्र की सी०सी०टी०वी से निगरानी रखी जा रही है। यह देश का पहला छावनी परिषद है, जो पूरी तरह से सी०सी०टी०वी सुरक्षित है। क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने नैनीताल छावनी परिषद में स्थापित 180 सी०सी०टी०वी कैमरों के कंट्रोल रूम का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य असामाजिक तत्वों से छावनी परिषद क्षेत्र को सुरक्षित करना, सेना के जवानों और उनके परिवारों में सुरक्षा की भावना बढ़ाना और महिलाओं, पर्यटकों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## अखिल भारतीय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भुवनेश्वर में पुलिस और खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कल पुलिस और सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विचार और सुझाव साझा किये। श्री मोदी ने ओडिशा में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन में भाग लिया। प्रधानमंत्री आज से लगातार दूसरे दिन सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा में भारत के विकास को बाधित करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाली विरोधी ताकतें, पारंपरिक

चुनौतियां जैसे सीमा पार आतंकवाद और तस्करी, भीतरी इलाकों में कट्टरपंथी गतिविधियां, वामपंथी उग्रवाद जैसे विषय शामिल थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री मोदी ने पुलिस व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर सुझाव दिए हैं जिन्हें अगले एक साल में लागू करने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय एजेंसियों को भेजा जाएगा।

## श्रीनगर मेडिकल कॉलेज

पौड़ी जिले का श्रीनगर मेडिकल कॉलेज उत्तराखंड के लिए एक प्रमुख चिकित्सा केंद्र बनकर उभरा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं लगातार बेहतर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज से रुद्रप्रयाग, चमोली, पौड़ी और टिहरी जिले के लोगों के सुविधा मिल रही है।

## आवाजाही बाधित

अल्मोड़ा–क्वारब राष्ट्रीय राजमार्ग मलबा आने के कारण अभी भी बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है। इस मार्ग को खोलने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए अल्मोड़ा–शहरफाटक और खैरना–रानीखेत मार्ग वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग किया जा रहा है।

## विश्व एडस दिवस

आज विश्व एड्स दिवस है। इस अवसर पर, आज केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, जगत प्रकाश नड्डा मध्य प्रदेश के इंदौर में विश्व एड्स दिवस के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

एचआईवी एड्स पर संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम युवा नेट्स के ध्येय वाक्य ***सही रास्ते पर चलने के अनुरूप*** विश्व एड्स दिवस जागरूकता और उपचार के लिए अधिकार आधारित दृष्टिकोण के साथ वर्ष 2030 तक इस बीमारी के उन्मूलन के वैश्विक लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक पहल है। इस वर्ष के आयोजन में कई गतिविधियां शामिल होंगी। इसके तहत एक अभिनव प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें नाको द्वारा अपनाए गए डिजिटल तंत्र, सामुदायिक सहभागिता, अभियान आधारित दृष्टिकोण से हासिल उपलब्धियाँ तथा लाभार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की हस्त निर्मित वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन का थीम सॉन्ग भी जारी किया जाएगा।

## गंगोत्री नेशनल पार्क

पर्वतारोहण और ट्रेकिंग के लिए प्रसिद्ध गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान और गर्तांगगली के गेट कल पयर्टकों के लिए बंद कर दिए गए। अब उद्यान और गर्तांगगली के तीनों गेट अगले वर्ष पहली अप्रैल को खोले जाएंगे। गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान के उप निदेशक आर एन पांडेय ने बताया कि इस बार गंगोत्री उद्यान में की सैर को 29 हजार से अधिक पर्यटक आये। इससे उद्यान को प्रवेश शुल्क 76 लाख से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। शीतकाल में वन्यजीवों की गतिविधि पर नज़र रखने के लिए उद्यान क्षेत्र में 75 से अधिक कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं।

## सूर्या ड्रोन शो–2024

भारतीय सेना की सेंट्रल कमांड और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहयोग से देहरादून छावनी में अत्याधुनिक ड्रोन प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए **सूर्या ड्रोन शो 2024** का आयोजन किया जा रहा है। बीस और इक्कीस दिसंबर को देहरादून छावनी के जसवन्त ग्राउंड में होने वाले इस अभूतपूर्व कार्यक्रम का उद्देश्य ड्रोन साधनों में नवाचार के माध्यम से भारत को तकनीकी स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना है। यह शो ड्रोन प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति को प्रदर्शित करेगा, जिसमें चपलता, गतिशीलता और अगली पीढ़ी के एआई–संचालित एकीकरण पर जोर दिया जाएगा।

## निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को शहर में खराब स्ट्रीट लाइटों को जल्द ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हर दिन स्ट्रीट लाइटों की निगरानी करने को भी कहा। श्री धामी ने नगर निगम के आन्तरिक मार्गों को हर हाल में 15 दिसम्बर तक गड्डामुक्त करने को भी कहा। उन्होंने कहा नगर निगम के अधूरे निर्माण कार्यों को भी जल्द से जल्द शुरू कर एक माह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना

उत्तराखंड में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। यह योजना बेरोजगारों के लिए आजिविका का एक बेहतर विकल्प बनकर सामने आई है। चम्पावत जिले के कठनौली गांव के रोहित सिंह महर इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। वे बताते हैं कि उन्होंने वर्ष 2022 में इस

योजना के तहत 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ 500 वर्ग मीटर तालाब में मछली पालन शुरू किया था। इस वर्ष में रोहित ने पैंतीस हजार का शुद्ध मुनाफा कमाया है।

## बहुउद्देशीय शिविर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल पर चंपावत जिले में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। लोहाघाट के राय नगर चौड़ी में राजकीय महाविद्यालय में आयोजित शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों ने अपने स्टाल लगाए। इस दौरान लोगों को कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही नशा मुक्ति के लिए भी प्रेरित किया। इसके अलावा शिविर में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और स्वास्थ्य, आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक विभाग के द्वारा शिविर में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

## बैठक

हल्द्वानी की तर्ज पर नैनीताल के शहरी क्षेत्र में भी टैक्सी और दुपहिया वाहन चालकों और उनके वाहनों का सत्यापन कार्य किया जाएगा। इसके संचालन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी बनाई जाएगी। जिलाधिकारी वंदना ने हल्द्वानी में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नैनीताल शहर में व्यापार मंडलों के साथ विचार विमर्श कर सड़क सुरक्षा दल दुपहिया निषेध मार्ग तय करेगा। इसके निर्धारण के बाद ऐसे मार्ग सिर्फ पैदल चलने वालों के लिए आरक्षित किए जाएंगे।

## चालान

नैनीताल जिले में परिवहन विभाग ने ओवरस्पीड और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर 49 वाहनों के चालान किए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्री जितेंद्र के अनुसार कार्यवाही के दौरान 40 वाहनों के ओवरस्पीड के अभियोग में चालान किए जबकि तीन वाहन चालकों के द्वारा शराब का सेवन कर वाहन संचालित करने के अभियोग में सीज किया गया। इसके अलावा परमिट, कर, लाइसेंस, सीटबेल्ट, हेलमेट जैसे अन्य अभियोग में कार्यवाही की गई।